

नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026

## एक नजर

### बीमार यात्री के लिये देवदूत बनी आरपीएफ पुलिस

**इटारसी ।** महानगरी एक्सप्रेस से सफर कर रहे एक यात्री की अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे मौके पर मौजूद आरपीएफ उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने तत्काल उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जौनपुर यूपी निवासी 45 वर्षीय संतोष सिंह पुत्र विद्यासागर अपने पुत्र आशुतोष सिंह सिवांस सिंह के साथ महानगरी एक्सप्रेस से वाराणसी से मुम्बई की यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान ट्रेन के इटारसी स्टेशन पहुंचने पर उन्हें अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी। जिसके कारण वह ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म पर लेट गए थे। इसी दौरान प्लेटफार्म पर गस्त कर रहे आरपीएफ उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने उनकी हालत देखी तो उन्हें सांस लेने में भारी परेशानी हो रही थी। यात्री की हालत देख आरपीएफ कर्मी ने तत्काल इसकी सूचना चिकित्सकों को दी। जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

# अवैध शराब व्यापारियों पर नहीं होती कार्रवाई

## होली त्यौहार को लेकर अवैध शराब कारोबारियों ने बनाया स्टॉक , नकली शराब को लेकर पीने वाले हैं परेशान



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 25 फरवरी 2026,** होली त्यौहार पर रंगों की बिक्री करने वाले व्यापारी को अपना व्यवसाय कर ही रहे हैं वहीं अवैध शराब के बडे कारोबारी शराब का स्टॉक कर प्रशासन को राजस्व की हानि पहुचां रहे हैं वहीं दूसरी ओर नकली शराब भी जिले में धडल्ले से बेची जा रही है. आबकारी विभाग हमेशा अपना पल्ला झाडकर बताता है कि हमारे इधर अवैध शराब का प्रचलन बंद है. जिले में भारी मात्रा में अवैध शराब, होटलों में, ढाबों पर पान ठेलों पर के अलावा होम डिलेवरी के लिये बडे अवैध शराब के व्यापारियों ने युवकों की नियुक्ति कर रखी है वे फोन करते से ही अपनी स्कूटी मोटरसायकल के अलावा कार, जीप में शराब उपलब्ध करा देते हैं. कुछ अस्पतालों में नकली शराब पीने के मामले दर्ज हुए थे लेकिन शराब का अवैध कारोबार करने वाले व्यापारी नेतागिरी में भी जुडे हुए हैं उनका कहना है कि प्रशासन हमारा है, व्यवसाय हम करेंगे, इसको लेकर आपसी रंजिश के भी कई मामले सामने आए हैं. नर्मदापुरम में पिछले पांच सालों से शराब बिक्री पर प्रशासन द्वारा बेन लगा हुआ है पर खुली बिक्री से भी ज्यादा सुविधा पीने वालों को घर पहुंच सेवा में मिल रही है. नर्मदापुरम में सबसे अधिक अवैध शराब का धंधा छोटी पहाडिया बस्ती, इंदिरा आवास, नवीन जेल के पास तिराहे किनारे व गली में, आदर्शनगर, गरीबों के आवास के पास, हरियाली चौराहा, थोक सब्जी मंडी के पास, नारायण नगर पुलिया के बाजू में, पीलीखंती, बालागंज शहर में सबसे अधिक अवैध शराब का धंधा मुख्य तौर पर के कुचबंदिया मोहल्ला, रामगंज, दशहरा मैदान के पास माता चूबतरे के पीछे टप, भीलपुरा में राजघाट तिराहे, मस्जिद के पास, कोरीमोहल्ला, बसंत टॉकीज के पास, बस स्टैंड पर पुराने आरटीओ भवन परिसर, ग्वालटोली किरन होटल तिराहा, हरदा रोड पर पुलिया के नीचे, फेफरताल, हरदा बायपास रोड, रसूलिया ब्रिज के नीचे, ओवर ब्रिज के आसपास, डबल फाटक जिले में अवैध शराब बिकने के ठिकानों के साथ ही सड़क किनारे, होटल ढाबों पर खुलेआम बैठकर सदरबाजार-कोठीबाजार रोड किनारे, मालाखेड़ी तिराहा, बांद्राभान रोड सहित अन्य स्थानों पर टप-होटल, चाय-नाश्ते, अंडे के ठेलों की आड़ में नकली देशी-विदेशी अवैध शराब बिक रही है. वहीं इटारसी शहर में बंगलिया क्षेत्र, रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे, शनि मंदिर के पास, तवा कालोनी, मालवीयगंज, बाजार क्षेत्र, मेहरागांव, गांधी नगर, जनसेवा रूग्णालय, कान्वेंट स्कूल के पास, कीरतपुर उद्योग क्षेत्र, में अवैध शराब के अलावा गांजा भी भारी मात्रा में बिक रहा है.

### होली का स्टाक जमा कर लिया है बडे व्यापारियों ने

होली को देखते हुए अवेध शराब के बडे व्यापारियों ने भारी मात्रा में अपनी गोदामों और होटलों, ढाबों पर अवैध शराब का स्टाक कर रखा है. बताया जाता है कि एक दूसरे का कारोबार कम हो उसके चक्कर में व्यापारी लोग रेट कम कर अवैध शराब की बिक्री जोरो पर कर रहे हैं.

# ऑनलाइन ठगी करने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

आरोपी ने सायबर फ्रॉड के जरिए नरेंद्र सिंह के खाते से 2 लाख 84 हजार निकालना स्वीकार किया

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 25 फरवरी** ऑनलाइन ठगी के मामले में सिटी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 2 लाख 84 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले एक सायबर फ्रॉड को गिरफ्तार कर उसके पास से नगदी और मालवीयगंज निवासी नरेंद्र सिंह ने कुछ माह पूर्व अपना पुराना नंबर बदलकर नया नम्बर ले लिया था, लेकिन उन्होंने बैंक में नंबर नहीं बदलवाया। इसी बीच उक्त नंबर झांसी उत्तर प्रदेश निवासी तुषार अहिरवार को आवंटित हो गया। चूंकि नरेंद्र सिंह ने बैंक में नंबर बदलने कि जानकारी नहीं दी थी इसलिए उनके सारे एसएमएस तुषार के पास आ रहे थे। जब तुषार को इसकी जानकारी लगी तो उसने बिना समय गंवाए तत्काल विभिन्न बैंकिंग एप के जरिए नरेंद्र सिंह के खाते से 2 लाख 84 हजार निकाल लिए। इधर जब उन्हें अपने खाते से राशि निकालने की जानकारी लगी तो उन्होंने तत्काल बैंक जाकर खाते की पड़ताल की। जांच साइबर फ्रॉड की जानकारी लगने के बाद नरेंद्र सिंह ने सिटी थाना पहुंचकर शिकायत दर्द कराई थी। मामले कि गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरव बुंदेला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। पुलिस टीम ने जांच में मिले मोबाइल नंबर की पड़ताल की। जांच के आधार उक्त नंबर झांसी उत्तर प्रदेश में रहने वाले तुषार अहिरवार द्वारा उपयोग करने कि जानकारी सामने आई तो। जिसके आधार पर थाना प्रभारी गौरव बुंदेला के नेतृत्व में एक टीम झांसी भेजी गई थी। टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से मामले के मास्टर माइंड तुषार अहिरवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें उसने सायबर फ्रॉड के जरिय नरेंद्र सिंह के खाते से 2 लाख 84 हजार रुपए निकलना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 लाख 20 हजार रुपए नगद और दो मोबाइल फोन जब्त किए। मामले का खुलासा करने में उपनिरीक्षक प्रवीण यादव, आरक्षक धर्मेंद्र राजावत , बसंत ओर सायबर सेल के संदीप यदुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**खिरकिया, 25 फरवरी** माहेश्वरी समाज महिला मंडल द्वारा स्थानीय माहेश्वरी भवन में होली के पावन अवसर पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। भगवान राधाकृष्ण का मनमोहक श्रृंगार किया गया बाल रूप राधाकृष्ण बनकर नन्हें मुन्ने बच्चों ने होली के गीतोपर सुंदर प्रस्तुती दी। सभी उपस्थित बहनों ने फुल और गुलाल भगवान को लगा एक दूसरे पर फूलो की वर्षा कर होली उत्सव मनाया सभी सामाजिक बहनो की उपस्थिती मे महिला मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिला अध्यक्ष सुनीता तोष्णीवाल का श्रीमिति कमला सोनी व श्रीमति मोहीनी मुंदडा द्वारा शाल श्रीफल देकर स्वागत किया। जिला सहसचिव वर्षा टावरी का श्रीमति रखनदेवी मुंदडा व श्रीमति आजाद तोष्णीवाल ने स्वागन किया। प्रचारमंत्री रजनी सोनी का श्रीमति सीता हेडा व श्रीमती पुष्पा दरगड द्वारा स्वागत किया। नवनिर्वाचित महिला संगठन अध्यक्ष लता हेडा व सचिव सोनल धूपड का संगठन के सभी सदस्यों द्वारा अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात होली के भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया.




## मदिरा के अवैध विक्रय के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने वृत्त टिमरनी के ग्राम इकडालिया, गोगिया, कामलिया ढाबा, शीतल ढाबा, राजपूत ढाबा, करताना, छीपानेर व गोंदागांव में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 18 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 21 पाव देशी शराब एवं 560 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर कार्यवाही की।

### हुड़दंगियों पर सख्ती के निर्देश

**सिवनी मालवा** सिवनी मालवा थाना परिसर में होली, रंगपंचमी और शबे बारात के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम विजय राय, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान और थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, तहसीलदार नितिन झोड़ सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। एसडीएम विजय राय ने स्पष्ट चेतावनी दी कि होली पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# नई श्रम कानून नीति के खिलाफ मोर्चा खोला

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 25 फरवरी** देश के सबसे बडे श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आवाहन पर नई श्रम कानून नीति में बदलाव की मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने आयुध निर्माणी में विरोध प्रदर्शन नारेबाजी कर प्रधानमंत्री और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री के नाम ज्ञापन महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल को सौंपा गया।

यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप चौधरी ने बताया कि हमारी सरकार से मांग है की सामान्य भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर निजीकरण निगमीकरण की नीति को वापस लिया जाए। कैशलेस चिकित्सा, आठवें वेतन आयोग के अनुरूप ही भुगतान करो। ठेका प्रथा बंद कर श्रमिकों को नियमितीकरण किया जाए। लेबर लॉ की कमियों को दूर करो। लेबर लॉ को सार्वभौमिक रूप से सभी क्षेत्र के कर्मचारियों पर बिना छूट के लागू हो। भुगतान बोनस अधिनियम, 1965 के तहत बोनस के लिए पात्रता सीमा में वृद्धि। रक्षा मंत्रलय के अधीन विभागों औद्योगिक प्रतिष्ठानों में रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए सहित अन्य मांगों का लेकर भारतीय मजदूर संघ में नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया।



## समाज संगठित तो राष्ट्र सशक्त होगा

**सिवनी मालवा, 25 फरवरी** सिवनी मालवा विधानसभा के डोलरिया खंड केंद्र पर संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नर्मदापुरम विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया तथा गौ सेवा जिला प्रमुख पुष्पेंद्र की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन, अधिकारी परिचय एवं एकल गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नर्मदापुरम विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया ने कहा कि समाज संगठित होगा तो राष्ट्र सशक्त होगा। हिन्दू समाज का इसके लिये संगठित होना अत्यंत आवश्यक है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

**पिपरिया** सीताराम मंदिर हथवांस में डॉ.चर्तुभुज पालीवाल की स्मृति में निश्शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल,ममता नागवंशी, पूर्व जिला सर्तकता निगरानी सदस्य अरविंद राय खापरखेडा मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल,पूर्व मंडी सदस्य किरण , श्याम बिहारी पालीवाल, विमला पालीवाल, रत्ना केवट,सरस्वती मनोज कोरी, मृदुलता राकेश पालीवाल आदि उपस्थित थे.

# बारह बंगला रेलवे कार्यालय में मिला कबरबिज्जू

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** बारह बंगला स्थित रेलवे इलेक्ट्रिक मेंटेनेंस ऑफिस के स्टोर रूम में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां एक कबरबिज्जू दिखाई दिया। जंगली जीव के डर से कर्मचारी स्टोर रूम के भीतर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे।

जंगली जीव के डर से कर्मचारी स्टोर रूम के भीतर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे।

**स्टाफ में व्याप्त था डर -** कार्यालय के ओएस नरेश राठौर ने बताया कि जब इलेक्ट्रिक स्टाफ कुछ जरूरी सामान निकालने के लिए स्टोर रूम में गया, तो वहां अचानक कबरबिज्जू पर नजर पड़ी। अंधेरे कमरे में जंगली जीव को देखकर स्टाफ घबरा गया और काम रुक गया। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग और सर्पमित्रों को दी गई।

**सुरक्षित रेस्क्यू और पुनर्वास-** सूचना मिलते ही वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में सर्पमित्र अभिजीत यादव, अभय चौरे, मोहित मेहरा और सचिन दुलारे की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत के बाद स्टोर रूम के कोने में छिपे हुए कबरबिज्जू को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के पश्चात टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इस जीव को मानवीय बस्ती से दूर वनपरिक्षेत्र के सुरक्षित प्राकृतिक आवास में रिलीज कर दिया है। वन्य जीव के पकड़े जाने के बाद रेलवे स्टाफ ने राहत की सांस ली है।

## चालानी कार्यवाही की

**पिपरिया** कलेक्टर व एसपी के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सिलारी चौराहे पर ओवर लोडिग वाहनो पर चालानी कार्रवाही कर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देश चालानी कार्यवाही की गई.

# रात्रिकालीन चौकीदार नियुक्त करने पुलिस ने दी समझाइश

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 25 फरवरी** पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में हो रही चोरी की घटनाओं के दृष्टिगत कॉलोनियों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित करने हेतु निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में बुधवार को थाना कोतवाली परिसर में शहर के आउटर क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कॉलोनियों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, रात्रिकालीन चौकीदार नियुक्त करने, सूने मकानों की नियमित निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान उपस्थित सभी कॉलोनी अध्यक्षों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं चौकीदार रखने का आश्वासन दिया गया। साथ ही समन्वय एवं त्वरित सूचना आदान-प्रदान हेतु संबंधित बीट प्रभारी एवं पुलिस कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए।

हरदा पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# ओवरब्रिज का नाम विवेकानंद सेतु करने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** भारतीय इतिहास में युवाओं के आदर्श पुरुष तथा विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति के ध्वयवाहक स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने के आह्वान के रूप में ओवरब्रिज तिराहे पर विवेकानंद जी की प्रतिमा स्थापना करने एवं ब्रिज का नाम विवेकानंद सेतु करने हेतु ज्ञापन शिव किशोर रावत, राजकुमार मालवीय, आलोक शुक्ला, अर्पित रावत, दिनेश चौरे,जितेंद्र दुबे ,मोहित रावत, रोषित पटेल, अजय मालवीय,राकेश सराठे,हर्षल गालर, यज्ञदत्त गौर द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को सौंपा । इस हेतु नगर के समस्त पार्षदों से भी सहयोग मांगने पर सहर्ष स्वीकृति देते हुए पार्षदों द्वारा दिया समर्थन पत्र भी अध्यक्ष महोदय को दिया गया। जिस पर पंकज चौरे ने इसे अच्छा प्रस्ताव बताते हुए शीघ्र ही विधि अनुसार कार्यवाही एवं मा विधायक सांसद से चर्चा कर नामकरण एवं प्रतिमा स्थापना करने की बात कही।

## नरवाई न जलाने किसानों को जागरूक किया

**पिपरिया** नरवाई न जलावे धरती को बचाये को लेकर कृषि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में पहुंच ग्रामीणो को जागरूक किया जा रहा है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निराली आर्य ने बताया कि कृषि विभाग की टीम ग्रामो में पहुंच नरवाई बचाओ खाद बनाओ के नारे के साथ किसानो को जागरूक किया जा रहा है। गेंहू की खेती में यंत्रीकरण का उपयोग बढने से गेंहू की कटाई कम्बाइन हार्वेस्टर ट्रेक्टर द्वारा आसानी से समय पर की जा सकती है किंतु उससे गेंहू के ठंडल याने नरवाई एवं भूसा खेत में ही छोड दिया जाता है.

# खनिज उत्खनन के अवैध परिवहन में शामिल दो डम्पर किये जप्त

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 25 फरवरी** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध रोकथाम की कार्यवाही लगातार जारी है। जिला खनिज अधिकारी हरदा ने बताया कि मंगलवार 24 फरवरी को गुप्तेश्वर मंदिर के पास ग्राम चारूवा में डम्पर नम्बर एमपी 47 जेड सी 7199 की जांच की गई जांच के दौरान खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन पाया गया। डम्पर बिना वैध अभिवहन पास होने से चालक सुरेश योगी पिता हरिनारायण योगी निवासी बंदीमुहाड़िया तहसील सिराली से जप्त कर पुलिस थाना छीपाबड़ में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इसी प्रकार सहायक खनिज अधिकारी श्री चेन सिंह डामोर द्वारा 23 फरवरी को खण्डवा रोड़ पर ग्राम पलासनेर में डम्पर एमपी20 जीए7727 की जांच की गई। जांच के दौरान खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। डम्पर चालक रामनिवास गुर्जर से जब्त कर थाने में खडा किया.


## कार्यालय नगरपालिका परिषद हरदा जिला हरदा म प्र

Email- cmoharda@mpurban.gov.in
https://nagarpalikaharda.org
Conn- 07577222238
Toll Free No - 18002331353
क्रं./1084/लोनि/2026
हरदा दि. 23.02.2026

(नियम 91)(1)(क)(11)
ई नगरपालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगरपालिका का नाम - नगरपालिका परिषद हरदा

एनआईटी संख्या - 4921 - 4925 /ई -टेंडरिंग
निम्नलिखित निर्माण /आपूर्ति /सेवाओं के लिये निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों कंसल्टेंटस और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है -

| क्र सं /पैकेज | निर्माण कार्य /आपूर्तियों /सेवाएं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि ( माह) |
|---|---|---|---|---|
| 1. 2026_UAD_ 484139_1 | वार्ड क्रं. 16 इंदौर रोड से नगीन कॉलोनी के पार्क तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | हरदा | 321623 | 2 माह |
| 2. 2026_UAD_ 484129_1 | वार्ड क्रं. 32 सिद्धी विनायक कॉलोनी से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | हरदा | 556724 | 2 माह |
| 3. 2026_UAD_ 484134_1 | वार्ड क्रं. 32 नर्मदा कॉलोनी में संदेश पारे के मकान से मुख्य मार्ग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | हरदा | 374151 | 2 माह |
| 4. 2026_UAD_ 484147_1 | वार्ड क्रं. 34 प्रज्ञा नगर में अनिल नीलकण्ड के मकान से भीटलदेव, पप्पू चौरे के मकान से संतोष के मकान तक एवं नागदेव हर्षउल्ले के मकान से भरत के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | हरदा | 619362 | 2 माह |
| 5. 2026_UAD_ 484154_1 | वार्ड क्रं. 34 प्रज्ञा नगर में असलम खां के मकान से तेजरामा चौक के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | हरदा | 558575 | 2 माह |

1. इच्छुक बोलीदाता बेवसाईट पर एनआईटी देख सकता है.
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर टेंडर क्रं 1. (1) 2026_UAD_ 484139_1 (2) 2026_UAD_ 484129_1 (3) 2026_UAD_ 484134_1 (4) 2026_UAD_484147_1 (5) 2026_UAD_ 484154_1 दिनांक 23.02.2026 से 10.03.2026 समय 05.30 बजे तक.
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल बेवसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नही.
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मो न. 9425044254 पर संपर्क करें.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद हरदा


**नशे की लत** खुले कारोबार से गांव का माहौल बिगड़ रहा, कार्रवाई नहीं होने से शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद

# कच्ची शराब के खिलाफ महिलाओं ने किया थाने में प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 25 फरवरी 2026,** सिवनी मालवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रजोराजाट की दर्जनों महिलाएं थाने पहुंचीं और गांव में खुलेआम बिक रही कच्ची शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

महिलाओं ने थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर को सामूहिक रूप से शिकायती आवेदन सौंपते हुए बताया कि गांव के कई घरों से अवैध रूप से कच्ची शराब बेची जा रही है। उन्होंने कहा कि इस खुले कारोबार से गांव का माहौल बिगड़ रहा है और शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद हैं। महिलाओं ने चिंता जताई कि अवैध शराब की आसान उपलब्धता के कारण कम उम्र के बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। नशे की लत से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई पुरुष दिनभर शराब के नशे में गांव में घूमते रहते हैं, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। महिलाओं के अनुसार, उनके पति शराब पीकर घर लौटते हैं और छोटी-छोटी बातों पर विवाद करते हैं। गाली-गलौज और मारपीट की घटनाओं में वृद्धि हुई है। नशे के कारण पुरुष घर की जिम्मेदारियों से दूर होते जा रहे हैं और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर भी ध्यान नहीं दे रहे। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उसी दिन पुलिस बल गांव भेजकर जांच कराई जाएगी और अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं ने मांग करते हुए कहा कि गांव में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।